गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

45271/ पी'(भा० अनु०/22 11/8/2022

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा सं०–1069मि० राजस्व ग्राम नूरनगर, गाजियाबाद के नेट क्षेत्रफल 4102.36 वर्गमी० भूमि पर मै० राजवंश इन्फ्राकोन प्रा०लि० द्वारा होटल का मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद जोनल डवलपमेन्ट प्लान–2021 जोन–1 के अनुसार खसरा सं०–1069 का भू–उपयोग 45.0 मी० चौड़े 02 (दो) महायोजना मार्ग व 24.0 मी० चौड़े जोनल मार्ग के मार्गाधिकार की भूमि को छोडने के उपरान्त आंशिक भाग जोनल लेवल पार्क, आंशिक भाग जोनल लेवल कामर्शियल व शेष भाग आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित है। उक्त भू–उपयोग में गाजियाबाद महायोजना–2021 में निहित जोनिंग रेगूलेशन के प्राविधानों के अनुसार होटल क्रिया सशर्त अनुमन्य है। इस निर्माण की अनुज्ञा हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव देना है तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव दो प्रतियों में मुख्य नगर नियोजक, गा०वि०प्रा० के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन की दिनॉक से 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं। केवल निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव हो सकेगा।

उपाध्यक्ष
गा०वि०प्रा०, गाजियाबाद